भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1917**

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

**तिरुचिरापल्ली के लिए नॉर्दर्न रिंग रोड का विकास**

1917. श्री दुरई वाइको:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली के लिए एक नॉर्दर्न रिंग रोड के विकास के लिए कोई प्रस्ताव मिला है ताकि क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाया जा सके और शहरी यातायात को कम किया जा सके, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा  क्या है;

(ख) क्या प्रस्तावित नॉर्दर्न रिंग रोड की दिशा रणनीतिक रूप से प्रमुख राजमार्गों को करूर (एन एच 81), नमक्कल (वाया मुसिरी मार्ग), थुरैयुर (राज्यीय राजमार्ग 62), चेन्नई (एन एच 38), अरियालुर (एन एच 136) और तंजावुर (एन एच 83) से जोड़ने की योजना है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) या भूमि का आकलन किया गया है;

(घ) यदि हाँ, तो ऐसे अध्ययनों की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) क्या सरकार इस परियोजना को भारतमाला या अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यक्रमों के तहत प्राथमिकता देने और अनुमोदन करने पर विचार करेगी इसकी संभावित क्षमता को देखते हुए कि यह माल परिवहन को सुधारने और मध्य तमिलनाडु की समग्र आर्थिक वृद्धि में सहयोग करेगी, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार देश में राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण/विकास कार्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर)/प्रस्ताव प्राप्त/स्वीकार/तैयार करते रहती है। परियोजना कार्यान्वयन और निवेश का निर्णय डीपीआर के परिणाम, संपर्कता की आवश्यकता, यातायात घनत्व और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाता है। तिरुचिरापल्ली के रिंग रोड के संबंध में, दक्षिणी भाग के लिए डीपीआर सौंप दिया गया है। वर्तमान में, रिंग रोड के उत्तरी भाग को तिरुचिरापल्ली तक ले जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****